# मेगा टिंकरिंग दिवस 2025

## चर्चा में क्यों?


राष्ट्रव्यापी नवाचार अभियान के अंतर्गत **नीति आयोग** के **अटल इनोवेशन मिशन (AIM),** ने '**मेगा टिंकरिंग दिवस 2025**' का आयोजन किया, जो भारत के **नवाचार परिदृश्य** में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।

## मुख्य बिंदु

- **परिचय:**
  - इस राष्ट्रव्यापी आयोजन में भारत के सभी 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 10,000 से अधिक **अटल टिंकरिंग लैब्स (ATLs)** को जोड़ा गया।
  - इस कार्यक्रम में 9,467 ATL-युक्त विद्यालयों के 4,73,350 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रयोगशालाओं में उपलब्ध सामान्य सामग्रियों का उपयोग कर एक '**डू-इट-योरसेल्फ**' (DIY) **वैक्यूम क्लीनर** बनाने की व्यवहारिक गतिविधि में भाग लिया।
- **कार्यक्रम प्रारूप:**
  - **वर्चुअल एवं सामूहिक आयोजन:** यह आयोजन पूरे भारत में विद्यालयों में वर्चुअल रूप से और एक साथ किया गया, जिसमें उत्तर (लेह, लद्दाख, कारगिल, कश्मीर), दक्षिण (कन्याकुमारी), पश्चिम (भुज, कच्छ), पूर्व (मणिपुर, मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश) और आकांक्षी ज़िले (विरुधुनगर) शामिल थे।
  - **सहयोगात्मक शिक्षण:** ऑनलाइन प्रारूप ने छात्रों को भौगोलिक दूरियों के बावजूद वास्तविक समय में सहयोग करने में सक्षम बनाया।

## अटल नवाचार मिशन

- **परिचय:**
  - वर्ष 2016 में नीति आयोग द्वारा प्रारम्भ किया गया, AIM का उद्देश्य विद्यार्थियों में **समस्या-समाधान की सोच विकसित कर नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना** तथा विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थानों में **उद्यमिता पारितंत्र को सशक्त बनाना** है।
- **AIM 2.0:**
  - इसका उद्देश्य AIM की सफलता के आधार पर भारत के **नवाचार और उद्यमिता पारितंत्र** को विस्तारित तथा मज़बूत करने के लिये नई पहलों को आगे बढ़ाना एवं उनका संचालन करना है।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mega-tinkering-day-2025